स्वास्थ्य मेले मे सहयोग

दिनांक 06.09.2023

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मिनी स्टेडियम में स्वास्थ्य मेले में निस्वार्थ भाव से किया सहयोग

■ नर्मदा की पुकार

अनूपपुर। जिला स्वास्थ्य समिति अनूपपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी के संयुक्त तत्वाधान में जैतहरी के मिनी स्टेडियम में विशाल स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय महाविद्यालय जैतहरी राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा स्वास्थ्य मेलें में निस्वार्थ भाव से सहयोग प्रदान किया गया। हम आपको बता दे कि राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र की युवाशक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इसके गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी, समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते है। साक्षरता संबंधी कार्य, पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सफाई आपातकालीन या प्राकृतिक आपदा के समय पीडित लोगों की सहायता आदि। विद्यार्थी जीवन से ही समाजपयोगी कार्यों में रत रहने से उनमें समाज सेवा या राष्ट्र सेवा के गुणो का विकास होता है। एक आदर्श नागरिक बनने के लिए इन गुणों का विकास होना अत्यंत आवश्यक है, महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्राओं को सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक बनाने तथा उनके समाधान के लिए रचनात्मक कार्यों में प्रेरित करने के लिए सतत् प्रयत्नशील है। आज दिनांक को विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले में जैतहरी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस. वाटे के निर्देशानुसार एवं रासेयो महिला इकाई प्रभारी कु.सगीता उइके व रासेयो पुरुष इकाई प्रभारी राजकुमार सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा आमजनों को स्वास्थ्य चेकअप के लिए डॉक्टर के पास ले जाना व बैठक व्यवस्था में सहयोग प्रदान करना इसके साथ ही आमजनों को पानी पिलाने के साथ-साथ भोजन वितरण का कार्य किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त इकाई के स्वयंसेवक पूजा देवी, राधा अगारिया, पूनम, देवी अंजलि राठौर, रामकली, ज्योती, किरण, रिंकी, नेहा, काजल, मनीष सुनील मनोज यादव, सूरज केवट, राहुल, अजय व रासेयो दल नायक मोहन सिंह सहित सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी जैतहरी के मिनी स्टेडियम में विशाल स्वास्थ्य मेले में उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य मेले में निस्वार्थ भाव से किया सहयोग

अनूपपुर,जबलपुर (एक्सप्रेस)। जिला स्वास्थ्य समिति अनूपपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी के संयुक्त तत्वाधान में जैतहरी के मिनी स्टेडियम में विशाल स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय महाविद्यालय जैतहरी राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा स्वास्थ्य मेलें में निस्वार्थ भाव से सहयोग प्रदान किया गया। हम आपको बता दे कि राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र की युवाशक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इसके गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी, समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते है। साक्षरता संबंधी कार्य, पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सफाई आपातकालीन या प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ित लोगों की सहायता आदि। विद्यार्थी जीवन से ही समाजपयोगी कार्यों में रत रहने से उनमें समाज सेवा या राष्ट्र सेवा के गुणो का विकास होता है। एक आदर्श नागरिक बनने के लिए इन गुणों का विकास होना अत्यंत आवश्यक है, महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्राओं को सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक बनाने तथा उनके समाधान के लिए रचनात्मक कार्यों में प्रेरित करने के लिए सतत् प्रयत्नशील है। आज दिनांक को विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले में जैतहरी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस. वाटे के निर्देशानुसार एवं रासेयो महिला इकाई प्रभारी कु.सगीता उइके व रासेयो पुरुष इकाई प्रभारी राजकुमार सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा आमजनों को स्वास्थ्य चेकअप के लिए डॉक्टर के पास ले जाना व बैठक व्यवस्था में सहयोग प्रदान करना इसके साथ ही आमजनों को पानी पिलाने के साथ-साथ भोजन वितरण का कार्य किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त इकाई के स्वयंसेवक पूजा देवी, राधा अगारिया, पूनम, देवी अंजलि राठौर, रामकली, ज्योती, किरण, रिंकी, नेहा, काजल, मनीष सुनील मनोज यादव, सूरज केवट, राहुल, अजय व रासेयो दल नायक मोहन सिंह सहित सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी जैतहरी के मिनी स्टेडियम में विशाल स्वास्थ्य मेले में उपस्थित रहे।